तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **गौतम गहलोत बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अति.जिला कलक्टर (शहर प्रथम), जोधपुर)** सू.अ. अपील संख्या 41/2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
15/07/2024	अपीलार्थी गौतम गहलोत निवासी नागौरी गेट के अंदर, जीवनदास का कुआं, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 15.02.2024 राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर द्वारा एस.बी. सिविल रिट पीटिशन नं. 1213/2015 गौतम गहलोत बनाम राज. सरकर में दिनांक 10.04.2015 को पारित आदेश पर आपके कार्यालय की ओर से क्या कार्यवाही की गयी, उसकी प्रमाणित प्रति व अन्य बिन्दु से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अति. जिला कलक्टर (शहर प्रथम), जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अति. जिला कलक्टर (शहर प्रथम), जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अति. जिला कलक्टर (शहर प्रथम), जोधपुर) से जरिये पत्रांक 1761 दिनांक 29.04.2024 रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि प्रार्थी के प्रार्थना पत्र में वर्णित सूचना उपलब्ध करानें हेतु सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जरिये पत्रांक 1561-62 दिनांक 23.02.2024 को प्रभारी अधिकारी, न्यायिक शाखा, जिला कलक्टर कार्यालय, जोधपुर को प्रेषित किया गया तथा स्मरण पत्र जरिये पत्रांक 1702-03 दिनांक 12.04.2024 प्रेषित किया गया परंतु वांछित सूचना प्रभारी अधिकारी, न्यायिक शाखा से अभी तक अपेक्षित होने से प्रार्थी को उपलब्ध कराया जाना संभव नही है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) के स्तर से अपेक्षित नही होकर लोक सूचना अधिकारी (प्रभारी अधिकारी, न्यायिक शाखा एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) के स्तर पर लंबित है। अतः अपील स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी (प्रभारी अधिकारी, न्यायिक शाखा एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे अन्यथा नही दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत करावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर जोधपुर जिला कलक्टर, जोधपुर (राज.)	